हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

तिथि 15 नवम्बर 2025 समय 18:10

मुख्य समाचार :-

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज हिसार जिले के खरक पुनिया गाँव में दादा बाढ़देव पुनिया जन्मोत्सव में शिरकत की।
- मुख्यमंत्री ने लोगों से दादा बाढ़देव जी के संदेशो को जीवन में अपनाने के आहवान किया।
- मुख्यमंत्री ने खरक पुनिया गाँव में सामुदायिक केंद्र बनवाने और पुस्तकालय खोलने की घोषणा की।
- आज जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया , राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने भगवान बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।
- चंडीगढ़ के सुखना लेक क्लब में 21 से 23 नवंबर तक चंडीगढ़ साहित्य उत्सव "लिटरेटी " का आयोजन किया जायेगा- साहित्य उत्सव में इस साल से लेखकों को तीन श्रेणियों में पुरस्कार देने की शुरुआत की जाएगी।
- भिवानी पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैक डाउन के तहत दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया।

************************************************************
**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज हिसार ज़िले के खरक पूनिया गांव में अखिल हरियाणा सर्वजातीय पूनिया समाज द्वारा आयोजित दादा बाढ़देव पूनिया जन्मोत्सव और मुख्यमंत्री सम्मान समारोह में शिरकत की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दादा बाढ़देव जी को नमन किया और कहा -

मुख्यमंत्री ने कहा कि दादा बाढ़देव जी के संदेशों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि उन्होंने समाज को सदैव सत्य, अनुशासन और भाईचारे को जीवन का मूल मंत्र बनाने की प्रेरणा दी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर खरक पुनिया में सामुदायिक केंद्र के निर्माण सहित कई घोषणाएं भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वर्तमान सरकार कल्याणकारी योजनाओं को तेज गति से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सड़कों का व्यापक जाल बिछाया गया है। प्रदेश में 10 नए आईएमटी स्थापित करने की प्रक्रिया भी प्रगति में है। उन्होंने कहा कि दो से तीन आईएमटी के लिए भूमि जल्द उपलब्ध हो जाएगी।

मुख्यमंत्री ने श्री गुरु तेग बहादुर जी को याद करते हुए कहा कि सरकार 25 नवंबर को शहीदी दिवस मनाने जा रही है।

इस अवसर पर उन्होंने दो पुस्तकों का भी विमोचन किया।

*****************************************************************************

**********

आज जनजातीय गौरव दिवस है। इस उपलक्ष्य में शिक्षा विभाग व सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में करनाल जिले में घरौंडा के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक से 15 नवम्बर तक सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्कूल प्राचार्य इंद्रजीत कालिया ने बताया कि इस दौरान नृत्य, नाटक और नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में गत दिवस स्कूली विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित फिल्म भी दिखाई गई। इसके अलावा विद्यार्थियों को घरौंडा में जनजातीय लोगों के बीच जाकर उनसे मिलने और उनके जीवन के बारे में जानने का अवसर दिया गया।

************************************************************

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और रेल तथा सूचना  प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की है।

************************************************************

**********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

************************************************************

**********

चंडीगढ़ के सुखना लेक क्लब में 21  से 23 नवंबर तक चंडीगढ़ साहित्य उत्सव -लिटरेटी

का आयोजन किया जाएगा। 21 नवंबर को शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों से साहित्य उत्सव की शुरुआत होगी। उत्सव में 27 लेखक, कवि विज्ञापन निर्माता और कलाकार शिरकत करेंगे।

चंडीगढ़ साहित्य सोसायटी  की अध्यक्ष और हरियाणा की गृह सचिव डॉक्टर सुमिता मिश्रा ने आज चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया -

उन्होंने बताया कि इस में हिन्दी और पंजाबी साहित्य के सत्र भी होंगे।

उन्होंने बताया कि इस बार साहित्य उत्सव का थीम शब्दों में दुनिया रखा गया है। डॉ मिश्रा ने कहा -

इस साल से चंडीगढ़ साहित्य उत्सव में  लेखकों को 3 श्रेणी में पुरस्कार दे कर सम्मानित करने की शुरुआत भी की जाएगी।

************************************************************
**********

भारत सरकार और डाक विभाग दीन दयाल स्पर्श योजना  के लिए परसों  पूरे हरियाणा परिमंडल में परीक्षा ली जाएगी। अंबाला छावनी में आज हरियाणा परिमंडल के महा डाकपाल सचिन किशोर ने बताया -

यह परीक्षा पास करने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। उन्होने कहा कि इस कार्यक्रम का उदेश्य बच्चो में डाक टिकट संग्रह यानि फिलैटली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

************************************************************
**********

भिवानी पुलिस ने आज  ऑपरेशन ट्रैक डाउन के तहत 5-5 हजार के दो ईनामी बदमाशो नवीन  व  रोहताश  को  गिरफ्तार किया  है। भिवानी  के उप  पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने बताया कि रोहताश मूल रूप से जींद जिले के दिनोदा खुर्द का रहने वाला है। इस पर हत्या और डकैती सहित 7 मामले दर्ज हैं । वही तोशाम बाईपास क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया नवीन मूल रूप से द्वारका गांव का रहने वाला है। इसके खिलाफ जुई थाना में जमीनी विवाद में गंभीर मारपीट का मामला दर्ज है।

उन्होंने बताया कि पिछले दो माह के दौरान भिवानी पुलिस ने 957 गिरफ्तारियां की है। जिनमें से 113 गिरफ्तारियां संगीन अपराध के मामलों से संबंधित हैं।

************************************************************
**********